अति महत्वपूर्ण/विधानसभा मामला
विशेष पत्र वाहक/ई–मेल द्वारा

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
## 9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

**F.No 234/1410/HFW/QC/2025/370** दिनांकः– 21/03/2025

सेवा में,

श्रीमान उप–सचिव (प्रश्न शाखा)
दिल्ली विधानसभा सचिवालय
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली–110054

विषय : **आठवीं विधानसभा का द्वितीय सत्र (बजट सत्र–2025), माननीय विधायक श्री विशेष रवि द्वारा पूछे गए अतारांकित प्रश्न सं0 31 दिनांक 24.03.2025 के संदर्भ में।**

महोदय/महोदया,

यह पत्र उपरोक्त संदर्भित आपके ई–मेल दिनांक 15.03.2025 के संदर्भ में प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया उपरोक्त के संदर्भ में इस पत्र के साथ माननीय विधायक श्री विशेष रवि द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न सं0 31 का उत्तर निर्धारित प्रारूप में (100 प्रतियां) आपको अग्रिम कार्यवाही हेतु भेजा जा रहा है।

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, दिल्ली सरकार के अनुमोदन से प्रेषित किया गया है।

संलग्नकः उपरोक्तानुसार (100 प्रतियां)

भवदीय

जे.बी. कपिल

उप–सचिव (प्र0शा0)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, दिल्ली सरकार
9वां तल–ए विंग, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली

अतारांकित प्रश्न संख्या : 31

दिनांक : 24.03.2025

प्रश्नकर्ता का नाम : मा0 विधायक श्री विशेष रवि

क्या उपमुख्यमंत्री/मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :–

| क्र.सं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| क | क्या यह सच है कि आयुर्वेदिक एवं युनानी तिब्बिया कॉलेज एवं अस्पताल करोल बाग में रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट बंद पडा है | नहीं यह सत्य नही हैं। यह आयुष अस्पताल है तथा अलग से रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट नहीं है तथा एक्सरे की सुविधा थी जो अब बंद है। |
| ख | उक्त अस्पताल में रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट के अंतर्गत एक्स–रे एवं अन्य कौन–कौन से टेस्ट नहीं हो रहे हैं | एक्स–रे नहीं हो रहे हैं |
| ग | यदि हां, तो इसका क्या कारण है तथा इसके लिए जिम्मेदार अधिकारी का नाम बताएं, | एक्स–रे मशीन खरीदने की प्रक्रिया अंतिम चरण में थी किंतु सरकार द्वारा पी.पी.पी. मोड (**Public Private Partnership**) पर एक्सरे चलाने के लिए प्रस्ताव रखा गया था इसलिए एक्स–रे मशीन खरीदी नहीं गई तथा सरकार द्वारा निर्देश की प्रतिक्षा कर रहे हैं। |
| घ | रेडियोलॉजी डिपार्टमेंट के अंतर्गत आने वाली सभी सुविधाएं अस्पताल में कब तक शुरू हो जाएगी, और | पी.पी.पी. मोड (**Public Private Partnership**) पर व्यवस्था शुरू करने के बाद तथा मशीन खरीदने का निर्देश प्राप्त होने के बाद |
| ड | दिनांक 17 फरवरी 2025 को क्षेत्रीय विधायक और अस्पताल के मेडिकल सुरपीटेंडेंट के द्वारा किए गए दौरे में आईपीडी वार्ड में भर्ती मरीजों द्वारा खाने की क्वालिटी और क्वांटिटी की शिकायत के संबंध में अस्पताल प्रशासन द्वारा अब तक क्या कार्रवाई की गई है? | मरीजों की उस दिन की शिकायत के बाद किचन सुपरवाइजर को निर्देश दिए गए तथा रोज सुबह शाम का क्वालिटी पहले डयूटी पर उपस्थित स्टाफ द्वारा (नर्सिंग ऑफिसर) स्वयं चेक करके ही रोगियों को खाना दिया जाता है। |

यह उत्तर मा0 मंत्री महोदय (स्वास्थ्य) के अनुमोदन के पश्चात जारी किया गया है।

हस्ताक्षर

उप–सचिव (प्र.शा.)
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग

J.B. KAPIL
Dy. Secy. (H&FW)

Scanned with OKEN Scanner